तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती





13 बैंकों, बाजारों में पार्किंग का अभाव सड़कों पर वाहन...





B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


जिला प्रशासन ने लिया संज्ञान, किया निलंबित

# शराब के नशे में जपं कर्मचारी कुर्सी पर सोया वीडियो वायरल होते ही दफ्तर में मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जनपद पंचायत में एक अधिकारी शराब के नशे में कार्यालय में बेहोश पाया गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। बताया गया है कि कमलेश्वर साहू जो कि विकास विस्तार अधिकारी हैं, काफी समय से अनुपस्थित थे। जब वे नशे की हालत में कार्यालय पहुंचे, तो वहां कोई बड़ा अधिकारी मौजूद नहीं था।

### विकास विस्तार अधिकारी निलंबित

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होते ही जनपद और जिला प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाया और विकास विस्तार अधिकारी कमलेश्वर साहू का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जहां रिपोर्ट आने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

तस्वीरें वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में मामले को दबाने की कोशिशें शुरू हो गईं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों के मोबाइल फोन की जांच की, यह पता लगाने के लिए कि तस्वीरें किसने खींची और वायरल कीं।

इसके बाद कमलेश्वर साहू को पुलिस अस्पताल ले गई, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। मामले का पंचनामा तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है। जिला पंचायत की सीईओ प्रेमलता मंडावी ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

यह भी बताया गया है कि साजा जनपद पंचायत लंबे समय से एक प्रभारी सीईओ के भरोसे चल रहा है, जिसके कारण प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो गई है। स्थानीय लोग और महिला सरपंचों ने इस घटना की निंदा की है और जिम्मेदार अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

हादसा

धमाके की आवाज से गूंज उठा इलाका

# ट्रक और ऑयल टैंकर में भिड़ंत, एक मृत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

सिमगा–कवर्धा हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब 8 बजे बेतर-उमरिया चौक के पास ट्रक और ऑयल ट्रेलर आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और धमाके जैसी आवाज से इलाका दहल उठा। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में ट्रक सवार लखन धीमर 35 वर्ष, पिता संतराम, निवासी छतरपुर मध्यप्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथी टिंकू दीक्षित 34 वर्ष पिता नाथूराम, निवासी छतरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ऑयल ट्रेलर पर सवार रामदेव चौधरी 37 वर्ष पिता लाडूराम निवासी अजमेर राजस्थान भी गंभीर घायल हुए। दोनों को एंबुलेंस से जिला



अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक कवर्धा से रायपुर की ओर आ रहा था और ऑयल ट्रेलर सामने से आ रहा था। जैसे ही दोनों वाहन बेतर-उमरिया चौक पर पहुंचे, अचानक संतुलन बिगड़ गया और सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर की तीव्रता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों के केबिन के परखच्चे उड़ गए और चालक बुरी तरह फंस गए।

एक स्थानीय किसान ने बताया कि हम खेत जा रहे थे तभी अचानक जोरदार धमाका सुनाई दिया। दौड़कर पहुंचे तो देखा कि दोनों गाड़ियां आपस में फंसी हुई थीं। अंदर से लोगों की चीखें सुनाई दे रही थीं। तुरंत ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस हाइवे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। ट्रक और ट्रेलर अक्सर तेज रफ्तार में दौड़ते हैं। जगह-जगह सड़क पर गाय और मवेशी बैठ जाते हैं, जिससे अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है और गाड़ियां अनियंत्रित हो जाती हैं। चौक और मोड़ों पर बैरिकेडिंग व चेतावनी संकेत नहीं लगे हैं। भारी वाहनों की भिड़ंत का खतरा हमेशा बना रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक प्रशासन ने इस चौक पर कोई ठोस व्यवस्था नहीं की है। वाहनों की रफ्तार तेज होती है। बैरिकेडिंग व ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम न होने से हादसे आम हो गए हैं। सूचना पर खंडसरा पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल ▶▶| शेष पेज 13 पर

# दशहरा पर्व मनाने नपं में जनप्रतिनिधियों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

- कवि सम्मेलन व लोकगायन की प्रस्तुति होगी

नगर पंचायत परिसर में अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, ग्राम पटेल करण सिंह भुवाल व सुप्रसिद्ध संस्कृति कर्मी आशीष राज सिंघानिया की उपस्थिति में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

नगर पंचायत कार्यालय में उत्सव की तैयारी संबंध में चर्चा की गई। अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा उपाध्यक्ष की उपस्थिति में दशहरा पर्व पर परंपरानुसार ग्राम देवता पूजन, भव्य अखाड़ा प्रदर्शनी, रावण दहन व आकर्षक आतिशबाजी करने का निर्णय लिया गया। पुरुषोत्तम कॉलोनी मैदान की सफाई कराने व दर्शकों की सुविधा के लिए रावण दहन स्थल पर रोशनी कराने सहित शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण, सीता, वानर सैनिक व बजरंगबली की झांकी के अलावा रात्रि में भारत माता विद्यालय प्रांगण में कवि सम्मेलन व सुप्रसिद्ध गायिका कंचन जोशी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चों में जागृत होती है देश प्रेम व समाज सेवा की भावना : मंत्री बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में 57 स्कूल के 478 स्काउट, गाइड और 27 प्रशिक्षक हुए शामिल

भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ जिला संघ बेमेतरा द्वारा वार्षिक कार्य योजना के तहत तृतीय सोपान स्काउट गाइड /निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण जांच शिविर धनगांव में 19 से 22 सितंबर तक चार दिवसीय आयोजन किया गया।

महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि स्कूली शिक्षा में स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चों में देश प्रेम व समाज सेवा की भावना का विकास से समाज को एक श्रेष्ठ नागरिक मिलता है। शिविर को प्रेरित करते हुए मंत्री बघेल ने कहा कि अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, विशिष्ट अतिथि हेमा जय दिवाकर ने भी इस पाठयेत्तर गतिविधि को महत्वपूर्ण बताते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव से प्रशिक्षक डीआर साहू के नेतृत्व में 18 स्काउटर शिविर में शामिल हुए।

जिला प्रशिक्षण आयुक्त व शिविर संचालक महेश साहू ने बताया कि जिला स्तरीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर में भाग लेने के लिए जिले के चारों विकासखंड के 57 स्कूलों से 478 कब /बुलबुल ▶▶| शेष पेज 13 पर

### प्रतीक चिन्ह से सम्मानित कर दी शाबाशी

शिविर के सफल आयोजन के लिए कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने ग्राम पंचायत धनगांव के सरपंच मोनिका साहू व सरपंच प्रतिनिधि गजानंद साहू व स्थानीय विद्यालय के शिक्षक रविशंकर सोनी और पवन तिवारी को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित कर शाबाशी दी।

### व्यायाम और कैम्प फायर का दिया ज्ञान

प्रशिक्षण में क्रमशः दिवसवार पाठ्यक्रम में स्काउटिंग के आधारभूत तत्व, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार आंदोलन के उद्देश्य, पायनियरिंग, संकेत भाषा का ज्ञान, वन विद्या व जीवन, अनुमान लगाना, आग लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, हाइक, दैनिक जीवन में उपयोगी गांठ, सांठ, फांस, मनोरंजक खेल व्यायाम और कैम्प फायर का ज्ञान कराया गया।

## खबर संक्षेप

### सशिमं के बच्चों ने एथलेटिक्स में लहराया परचम

**नवागढ़।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा कुरूद (भिलाई) में आयोजित 36वें विभाग स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद समारोह में शिशु मंदिर नवागढ़ के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विकास नट, रिया यादव, सुषमा बंजारे, मंजू पाल, अल्का ध्रुव, मुस्कान साहू, हर्षपाल, प्रिंस वर्मा सहित कई बच्चों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्राचार्य श्रीकांत शर्मा ने बच्चों को बधाई देते हुए प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता की शुभकामनाएं दी।

साजा ब्लॉक सेमी-क्रिटिकल जोन और बेमेतरा, बेरला व नवागढ़ क्रिटिकल जोन में शामिल

# विक्रम टीसीआर से बचेगा पानी और फसल, तूफान में भी नहीं गिरेगी धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि के क्षेत्र में उन्नति के साथ-साथ भूमिगत जल स्त्रोतों का संरक्षण अब बेहद जरूरी हो गया है। जलशक्ति मंत्रालय द्वारा जिले के सभी ब्लॉकों को जल संकट के दृष्टिकोण से रेड जोन घोषित किया गया है। इनमें साजा ब्लॉक को सेमी-क्रिटिकल जोन और बेमेतरा, बेरला व नवागढ़ ब्लॉक को क्रिटिकल जोन में शामिल किया गया है। इस स्थिति में किसानों के लिए केवल खेती करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण की दिशा में कदम उठाना भी अत्यंत आवश्यक हो गया है।

कृषि विभाग ने इस चुनौती का



समाधान प्रस्तुत किया है। धान फसल में पानी की खपत सबसे अधिक होती है और इसके लिए विभाग ने विशेष किस्म का बीज तैयार किया है, जिसका नाम 'विक्रम टीसीआर' है। यह धान की नई किस्म शॉर्ट टाइम में उच्च पैदावारी देती है और 60 से 70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन क्षमता के साथ उपलब्ध है। इस किस्म की खासियत यह है कि यह केवल 125 से 130 दिनों के भीतर तैयार हो जाती है, जिससे पानी की खपत कम होती है।

### जल संरक्षण और फसल सुरक्षा में सहायक

उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने बताया कि विक्रम टीसीआर की लंबाई कम है और उपज अधिक, जिससे यह तेज हवा और आंधी-तूफान में भी गिरती नहीं है। नई किस्म अन्य बीजों की तुलना में अधिक हवादार परिस्थितियों को सहन कर सकती है। जिले में 67 हेक्टेयर में इस नवीन धान किस्म का बीज कृषकों द्वारा तैयार किया जा रहा है। आदिवासी ग्राम झालम में भी पहली बार कृषकों द्वारा इस किस्म का बीजोत्पादन कार्यक्रम लिया गया है। उत्पादित बीज किसानों द्वारा उच्च कीमत पर बीज निगम में विक्रय कर अगले वर्ष जिले के अन्य ▶▶| शेष पेज 13 पर




